प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.05.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को बधाई दी है। शिमला में आज विधानसभा के कर्मचारियों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने जिस प्रकार अपने पराक्रम व शौर्य का परिचय दिया है, उस पर पूरे देश को गर्व है। कुलदीप सिंह पठानिया ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मंत्री बनने की उनकी कोई इच्छा नहीं है और वे वर्तमान ज़िम्मेदारी से खुश हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इन दिनों कुलदीप सिंह पठानिया को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने की चर्चा ज़ोरों पर है।

स्कूल शिक्षा बोर्ड

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने इस वर्ष मार्च में ली गई दस जमा दो कक्षा की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा परिणाम 83 दशमलव एक–छः फीसदी रहा। इस परीक्षा में कुल 86 हज़ार 3 सौ 73 विद्यार्थी बैठे, जिनमें से 71 हज़ार 5 सौ 91 उत्तीर्ण हुए हैं। शीर्ष 10 बच्चों की सूची में 75 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। इनमें से 61 छात्राएं और 14 छात्र शामिल हैं। दस जमा दो की बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर छात्राओं का दबदबा रहा है। कला संकाय में कांगड़ा ज़िले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रैत की छात्रा अंकिता ने 5 सौ में से 4 सौ 83, वाणिज्य संकाय में कांगड़ा ज़िले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चेन्नूर की पायल शर्मा ने 5 सौ में से 4 सौ 82 और विज्ञान संकाय में ऊना ज़िले के सेंट डी.आर. पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल गगरेट की छात्रा महक ने 5 सौ में से 4 सौ 86 अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में पहला स्थान हासिल किया है। इस परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन या पुनर्निरीक्षण करवाने के इच्छुक विद्यार्थी संबंधित स्कूल के माध्यम से बोर्ड की वैबसाइट पर एक जून तक आवेदन कर सकते हैं।

जम्मू–कश्मीर–एसआईए छापे

जम्मू–कश्मीर में राज्य जांच एजेंसी ने उत्तरी और मध्य कश्मीर के कई स्थानों पर छापेमारी की है। तलाशी अभियान आज सुबह से उत्तरी कश्मीर के सोपोर, बारामूला और हंदवाड़ा और मध्य कश्मीर के गांदरबल व श्रीनगर में चलाया जा रहा है। अभी तक किसी गिरफ्तारी और बरामदगी की सूचना नहीं मिली है। यह अभियान संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर की जा रही कड़ी कार्रवाई का हिस्सा है। मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में मगाम के कावूसा नरबल इलाके में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा के तीन सहयोगियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद यह कदम उठाए गए हैं।

विश्व उच्च रक्तचाप दिवस

दुनियाभर में आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप से संबंधित खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इससे बचने के उपायों का प्रचार करना है। इस वर्ष का विषय है – अपने रक्तचाप को सही तरीके से मापे, नियंत्रित करें और जीएं लंबा जीवन। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान – एम्स नई दिल्ली में मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर नवल के. विक्रम ने बताया कि उच्च रक्तचाप के लक्षण इसके खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि उच्च रक्तचाप दिल की बीमारियों और आघात की वजह बन सकता है। डॉक्टर विक्रम ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली, शारीरिक सक्रियता, तनाव कम कर और आहार में बदलाव के माध्यम से उच्च रक्तचाप से बचा जा सकता है।

रोहित ठाकुर

शि़क्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने स्कूल शिक्षा निदेशालय और अन्य प्रमुख निदेशालयों को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित किए जाने का खंडन किया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि ये दावे तथ्यहीन और निराधार हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हाल ही में शिक्षा विभाग की एक समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी निदेशालय को शिमला से स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा निदेशालय का संचालन पहले की तरह शिमला से ही जारी रहेगा।

....